जनपद हमीरपुर

दिनांक 15.06.2026

थाना मुस्करा पुलिस द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस कर्मियों से अभद्रता एवं मारपीट करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

घटना व पुलिस कार्यवाही-

दिनांक 14.06.2026 को रात्रि 21:14 बजे पीआरबी-1235 पर प्राप्त सूचना के अनुसार कॉलर कालीचरन पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम गहरौली थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर द्वारा बताया गया कि उसका पुत्र संतोष उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दे रहा है तथा अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा है।

सूचना पर पीआरबी में नियुक्त आरक्षी प्रदीप साहू एवं चालक होमगार्ड राम सहारे तत्काल मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि संतोष पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम गहरौली द्वारा अपनी पत्नी एवं माता के साथ मारपीट की गई थी। पुलिस कर्मियों द्वारा उसे समझाने का प्रयास किया गया, किन्तु वह उग्र हो गया तथा पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज एवं हाथापाई करने लगा। अभियुक्त द्वारा पुलिस कर्मियों की वर्दी फाड़ दी गई तथा सरकारी सीयूजी मोबाइल फोन भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। साथ ही सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

उक्त प्रकरण के संबंध में वादी आरक्षी प्रदीप साहू से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुस्करा पर मु0अ0सं0 114/2026, धारा 115(2), 352, 351(3), 132, 324 (4) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग नामजद अभियुक्त संतोष पुत्र कालीचरन के विरुद्ध पंजीकृत किया गया एवं आज दिनांक 15.06.2026 को पुलिस द्वारा अभियुक्त संतोष पुत्र कालीचरन, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम गहरौली थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर को गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

संतोष पुत्र कालीचरन, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम गहरौली थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 दिलीप
2. का0 नरेन्द्र